मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 212 ■ बुधवार, 13 नवंबर 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# भाजपा व शिवसेना नेताओं ने लगाया प्रचार का पूरा जोर

## आज यूपी के मुख्यमंत्री योगी का उल्हासनगर में आगमन





### ■ महायुति उम्मीदवार कुमार आयलानी को मिल रहा भरपूर प्रतिसाद

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान विधायक व महायुति भाजपा उम्मीदवार कुमार आयलानी को चुनाव प्रचार के दौरान भरपूर प्रतिसाद मिल रहा है। भाजपा व शिवसेना नेताओं व पूर्व नगरसेवकों ने आयलानी को जीताने के लिए अपना पूरा जोर लगाया हुआ है। उल्हासनगर-1 शहाड गावठाण इलाके में शिवसेना नेता राजेंद्र चौधरी व दिलीप गायकवाड़ के नेतृत्व में आयोजित सभा में आयलानी को भरपूर समर्थन मिला है। वहीं उल्हासनगर-2 मुख्य जापानी बाजार में प्रचार के दौरान उनको व्यापारियों का पूरा समर्थन मिला। आयलानी के साथ भाजपा नेता जमनू पुरस्वानी, महेश सुखरामानी, राजेश वधरिया, दीपक छतलानी, अजित सिंह लबाना, जगदीश तेजवानी भी प्रचार के दौरान शामिल हुए।

### ■ योगी की सभा में हजारों होंगे शामिल



आज रीजेंसी एंटीलिया ग्राऊंड पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन होने जा रहा है। यह सभा 11 बजे से शुरू होगी लेकिन योगी के आगमन का समय दोपहर ढाई बजे बताया गया है। योगी का भाषण सुनने हजारों की संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। ज्ञात हो कि योगी के बंटेंगे तो कटेंगे नारे ने महायुति के लोगों में उत्साह का काम किया है और उसी उत्साह को बढ़ाने के लिए उनका आज आगमन हो रहा है। इसमें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के भी शामिल होने की संभावना है। साथ ही कई दिग्गज नेता भी शामिल होंगे।

# 'फिर एक बार कालानी को जिताएं'

## महाविकास आघाडी उम्मीदवार ओमी कालानी को जिताने की पप्पू कालानी ने की हृदयस्पर्शी अपील

■ हमने हमेशा घोर गरीबों के लिए कार्य किए

■ सरकारी स्कीम आम जनता तक पहुंचाएंगे

■ गरीबों को मुफ्त मिलेगी आरोग्य सेवा





उल्हासनगर। उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से महाविकास आघाडी उम्मीदवार ओमी कालानी के स्टार प्रचारक उनके पिता व पूर्व विधायक पप्पू कालानी इन दिनों जोरदार प्रचार व भाषण भी कर रहे हैं। चुनाव की घोषणा से पूर्व ही उन्होंने जमीनी तौर पर प्रचार शुरू कर दिया था जिस कारण आज प्रचार रैली में सैकड़ों की संख्या में लोग देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज उल्हासनगर की हालत के जिम्मेदार विधायक कुमार आयलानी ने उन्होंने अपने कार्यकाल में कोई कार्य नहीं किया और ना ही सरकारी स्कीमों को आम जनता तक पहुंचाया है। मैंने अपने बेटे ओमी कालानी से यह कहा है कि शहर के घोर गरीब जनता के लिए अगर कार्य किए तो तुम्हारी जीत निश्चित है। इसलिए फिर एक बार कालानी को जीताएं और शहर को बचाएं।

### ■ परिवर्तन दिवस

ओमी कालानी इन दिनों अपने चुनाव प्रचार में लोगों को वोटों की अपील के साथ यह भी कह रहे हैं कि अब समय परिवर्तन का है और 20 नवंबर को लोगों के पास परिवर्तन करने का मौका है। कालानी पर भरोसा कायम रखने के लिए उन्होंने अपने घोषणा पत्र में उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से कई शहर विकास के मुद्दे दिए हैं। इन मुद्दों पर उनका कहना है कि हमने अपने कार्यकाल में घोषणा पत्र के कई कार्य किए हैं और इस बार भी विकास कार्य को पूरा करना हमारी प्राथमिकता होगी।

### ■ भाजपा को झटका

युवाओं का नेतृत्व करने वाले ओमी कालानी हमेशा से ही युवाओं में लोकप्रिय रहे हैं और इसी के चलते कल भाजपा उत्तर भारतीय सेल के पूर्व अध्यक्ष फूलचंद यादव ने राकांपा शरद पवार गुट में शामिल होकर ओमी कालानी को चुनाव में जीताने का ऐलान कर दिया है। इससे पूर्व भी कालानी कई झटके भाजपा को दे चुके हैं।

# गंगोत्री का डोर-टू-डोर प्रचार

## अपक्ष उम्मीदवार भारत गंगोत्री ने दिग्गजों की नींद उड़ाई - सोनिया धामी





**उल्हासनगर।** उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में अपने पैर पसार चुके अपक्ष उम्मीदवार भारत गंगोत्री का इन दिनों डोर टू डोर प्रचार चल रहा है। राकांपा नेता सोनिया धामी ने एक मुलाकात में कहा कि भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी को शहर से उखाड़ कर बाहर करने के लिए अपक्ष उम्मीदवार भारत गंगोत्री को विधानसभा में भेजना जरूरी है। क्योंकि शहर को अब साफ सुथरी छवि वाले नेता की आवश्यकता है। जिन नेताओं ने पिछले 40 वर्षों से कार्य नहीं किए और भ्रष्टाचार व गुंडागर्दी को बढ़ावा दिया है उन्हें जनता अब सबक सिखाएंगी। भारत गंगोत्री को मिल रहे भरपूर समर्थन और बढ़ती लोकप्रियता से दिग्गज उम्मीदवारों की नींद उड़ गई है। कुछ ही समय के प्रचार ने हमने शहर को और अच्छे से समझने का मौका दिया है और अब शहरवासी भी गंगोत्री को मौका देकर उन्हें अपना वोट देंगे ऐसी हमें पूरी उम्मीद है। गंगोत्री इन दिनों प्रभात फेरी में शामिल होकर गुरु के दर्शन कर रहे हैं जहां लोगों का उन्हें समर्थन मिल रहा है। म्हारल, वरप व कांबा में उनका डोर टू डोर प्रचार चल रहा है।

# हाजीमलंग क्षेत्र में सुलभा गायकवाड़ की प्रचार रैली



**कल्याण.** 142 कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र महायुति की भाजपा उम्मीदवार सुलभताई गणपत गायकवाड़ चिंचवली, पोसारी, म्हात्रेपाडा, शेलारपाड, चिराड, पाली, नरहेन, उसाटने, बुर्दुल, करवले, आदिवासी पाडा, विठ्ठलवाडी, कोपरायची वाडी, मलंगवाड़ी, मलंगगड क्षेत्र में एक रैली आयोजित की गई। इसे स्थानीय लोगों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली. प्रचार रैली के दौरान सुलभाताई ने उसाटने में कृष्णधाम सोसायटी में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को पुष्पहार अर्पण करने के बाद मलंग बाबा के दर्शन किये।

भाजपा के वरिष्ठ नेता जगननाथ पाटिल, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र वारे, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आशा पाटिल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु म्हात्रे, राष्ट्रवादी कांग्रेस अध्यक्ष विठ्ठल वेले, पंचायत समिति अध्यक्ष अंबरनाथ विलास म्हात्रे, उपाध्यक्ष सुरेश पाटिल, ग्रामीण महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संगीता पाटिल, किसान मोर्चा अध्यक्ष अशोक साल्वी, उपाध्यक्ष मंगेश पाटिल ग्रामीण युवा मोर्चा अध्यक्ष जयेश पाटिल, महासचिव राजेश म्हात्रे, वरिष्ठ. कार्यकर्ता प्रकाश बुवा पाटिल, भगवान गायकर, गजानन भाग्यवंत और महायुति के अन्य गणमान्य व्यक्तियों, कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने भी भाग लिया और सुलभाताई गणपत गायकवाड़ को शुभकामनाएं दीं।

# 15वीं मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की 15 वीं मंजिल से नीचे गिरकर 25 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई है. शहर पूर्व में मोहन प्रेसीयस बिल्डर द्वारा इमारत निर्माण का कार्य चल रहा है. राजू शेख नाम मजदूर इमारत की 15वीं मंजिल पर पानी का पाइप निकाल रहा था. उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया. उसे उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल में गंभीर हालत में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया. राजू कुछ ही महिने पूर्व पश्चिम बंगाल से यहां आकर मजदूरी कर रहा था. बिल्डिर ठेकेदार की लापरवाही से तो राजू की मौत हुई है या नहीं? इसकी जांच शिवाजी नगर पुलिस कर रही है. बिल्डर द्वारा मजदूर को सेफ्टी बेल्ट, हेल्मेट आदि दिया गया था या नहीं ये भी जांच का विषय है. राजू के दूसरे साथी मजदूर उल्हासनगर सेंट्रल अस्पताल के पास एकत्रित हो गए थे.

# सीएम एकनाथ शिंदे भोईर के प्रचार के लिए आज कल्याण में

**कल्याण.** विधानसभा चुनाव का प्रचार अब चरम पर पहुंच रहा है और पूरे राज्य में दिग्गजों की सभाएं देखने को मिल रही हैं. राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे आज बुधवार 13 नवंबर को कल्याण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में महायुति के उम्मीदवार विश्वनाथ भोईर के लिए प्रचार करने के लिए एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करने आ रहे हैं, शाम 5 बजे कल्याण पश्चिम के रामबाग इलाके में स्थित यशवंतराव चव्हाण स्टेडियम (मैक्सी ग्राउंड) में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की तोप से गोला दागा जाएगा.

# बैठक में नहीं आए सांसद श्रीकांत शिंदे

■ उल्हासनगर के व्यापारियों में नाराजगी

■ किणीकर ने मांगी माफी



**उल्हासनगर.** शहर के पूर्वी हिस्से में व्यापारियों की बैठक में सांसद श्रीकांत शिंदे की अनुपस्थिति पर व्यापारियों ने नाराजगी व्यक्त की. इस समय बालाजी किणीकर ने कारोबारी से माफी मांगी और कहा कि वह उनके साथ हैं. इस अवसर पर जिला प्रमुख गोपाल लांडगे उपस्थित थे.

उल्हासनगर कैंप नंबर-4 के संभाजी चौक पर आयोजित सार्वजनिक बैठक में सांसद श्रीकांत शिंदे, पीआरपी के जयदीप कवाडे ने मार्गदर्शन किया. बैठक के बाद रात 10 बजे बीजेपी नेता राजा गेमनानी ने व्यापारियों की श्रीकांत शिंदे, गोपाल लांडगे और बालाजी किणीकर के साथ बैठक आयोजित की, लेकिन समय देने के बावजूद सांसद नहीं आये. जिसके बाद व्यापारियों ने किणीकर और लांडगे के समक्ष अपनी नाराजगी व्यक्त की।

आख़िरकार लांडगे ने शिंदे को वीडियो कॉल करके व्यापारियों का मार्गदर्शन करने के लिए कहा। शिंदे ने कहा कि अगली बार जरूर मिलेंगे. इसके बाद व्यापारी नाराज हो गए. इस बीच, राजेंद्र. चौधरी बैठक से बाहर चले गये. अंत में, बालाजी किणीकर ने व्यापारियों के क्रोध को शांत करने के लिए माफी मांगकर समय काटा। व्यापारियों के हर काम पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान देने का भी वादा किया.

व्यापारियों ने भी सहयोग करने का वादा किया और कहा कि व्यापारियों की नाराजगी दूर हो गयी है. लेकिन डेढ़ घंटे के इस नाटक से किणीकर की हालत दयनीय हो गई.

# अंबरनाथ मुस्लिम जमात का किणीकर को समर्थन



■ ट्रस्टियों ने पत्रकार परिषद में की घोषणा, समर्थन पत्र दिया

■ शहर में 30 हजार मुस्लिम मतदाता

▶▶ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ मुस्लिम जमात ने महायुति के उम्मीदवार डॉ. बालाजी किणीकर को विधानसभा चुनाव में समर्थन करने की घोषणा की है. समर्थन का पत्र बालाजी किणीकर को दिया गया है, जिसमें जमात के 11 ट्रस्टियों के हस्ताक्षर हैं. मंगलवार को एक पत्रकार वार्तालाप का आयोजन मुस्लिम जमात, अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट की ओर से किया गया, जिसमें 9 ट्रस्टी उपस्थित थे. कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. जुबेर शाह और ट्रस्टी आरिफ काजी ने पत्रकारों को बताया कि रात में एक सभा का आयोजन करके ये निर्णय लिया गया है.

उन्होंने बताया कि अंबरनाथ मतदार संघ में 30 हजार से भी ज्यादा मुस्लिम मतदाता हैं. ट्रस्टियों ने बताया कि गत 15 वर्षों में किणीकर ने मुस्लिम समाज के लिए अच्छा सहकार्य किया है. उन्होंने मुस्लिम समाज के लिए चिखलोली में कब्रस्तान के लिए एक एकड़ जमीन मंजूर कराया है. गैबनशाह दर्गा के सभा मंडप एवं ओपीडी क्लीनिक के लिए निधि उपलब्ध कराकर दी है. उल्हासनगर में मुस्लिम कब्रस्तान हो इसके लिए विधानसभा सीढ़ियों पर आंदोलन किया है.

अंबरनाथ में सर्वधर्म समभाव की भावना को लेकर उन्होंने कार्य किया है. इसलिए मुस्लिम जमात उनको समर्थन देने की घोषणा की है. मुस्लिम समाज तन-मन से उनके लिए कार्य करेगा. ऐसा ट्रस्टियों ने कहा है. पत्रकार वार्तालाप में डॉ. जुबेर शाह, आरिफ काजी, हबीब सौदागर, चांद शेख, रईस खान, डॉ. जावेद शेख, मकबूल खान, असलम खान, सिकंदर पटेल, ट्रस्टी एवं अन्य मुस्लिम समाज के लोग थे. पत्र में अध्यक्ष सलीम चौधरी, कतान शेख ट्रस्टी के हस्ताक्षर हैं.

# प्रदूषण रोकने के लिए बांधकाम क्षेत्र को मनपा के निर्देश

### ■ मनपा ने जारी की नई नियमावली

**उल्हासनगर.** दिवाली और अन्य त्योहारों के दौरान वायु गुणवत्ता में गिरावट को देखते हुए, उल्हासनगर मनपा ने प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, शहर में वायु गुणवत्ता सूचकांक 'मध्यम' से 'खराब' स्तर पर पहुंच गया है। इससे शहर के नागरिकों के स्वास्थ्य पर असर पड़ने की संभावना है. इस संबंध में, उल्हासनगर मनपा आयुक्त विकास ढाकने ने तत्काल उपायों की योजना बनाकर बांधकाम क्षेत्र में प्रदूषण को कम करने के लिए नए नियम लागू किए हैं।

उल्हासनगर मनपा की नवीनतम अधिसूचना के अनुसार, 50 मीटर से ऊपर के भवनों के निर्माण स्थल पर 20 फीट ऊंची चादरें या धातु की शटरिंग लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके साथ ही सभी निर्माण परियोजनाओं को पूरी तरह हरे कपड़े या जूट की चादर से ढंकना होगा. इसलिए, निर्माणों से उत्पन्न धूल और धुएं से शहर की वायु गुणवत्ता को कोई नुकसान नहीं होगा। निर्माण स्थलों पर धूल और मलबे को नियंत्रित करने के लिए निर्माण सामग्री उतारते और परिवहन करते समय पानी का छिड़काव करना होगा। साथ ही, हर निर्माण स्थल पर मोबाइल एंटी-स्मोकगन का इस्तेमाल अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि हवा में उड़ने वाली धूल तुरंत बैठ जाए। निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले वाहनों को पूरी तरह से तिरपाल से ढंकना होगा तथा इन वाहनों को नियमित रूप से साफ करना होगा। निर्माण क्षेत्र में प्रदूषण की जांच के लिए हर स्थान पर सेंसर आधारित वायु प्रदूषण मॉनिटर लगाने का आदेश दिया गया है। इन मॉनिटरों का उपयोग महानगरपालिका अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के लिए किया जा सकता है, जिससे शहर में वायु गुणवत्ता की लगातार निगरानी की जा सकेगी।



### ■ शिकायत दर्ज कराने टोल फ्री नंबर

महानगर पालिका ने नागरिकों को शिकायत दर्ज कराने के लिए एक टोल फ्री नंबर **18002331101** उपलब्ध कराया है। वायु गुणवत्ता के बारे में शिकायत होने पर नागरिक इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। मनपा ने सख्त चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 5 के तहत कार्रवाई की जाएगी.

### मनपा की सख्त भूमिका

उल्हासनगर नगर निगम के प्रशासक और आयुक्त विकास ढाकने और अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने इस संबंध में विभागीय स्तर की बैठक में शहर में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए वायु प्रदूषण को कम करना जरूरी है और इसके लिए ये सख्त नियम लागू किये गये हैं.

# अनंत गीते का महायुति सरकार पर तीखा हमला

### ■ महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवार धनंजय बोडारे की प्रचार सभा




**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र में राजनीतिक माहौल दिन-ब-दिन तल्ख होता जा रहा है और इसी पृष्ठभूमि में उल्हासनगर-4 के मराठा सेक्शन में कल्याण पूर्व से महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवार धनंजय बोडारे की एक प्रचार सभा का आयोजन किया गया. जिसमें शिवसेना नेता अनंत गीते और उपनेता ज्योति ताई ठाकरे ने महागठबंधन सरकार पर जमकर हमला बोला.

शिवसेना की उपनेता ज्योति ताई ठाकरे ने कहा कि लाड़ली बहन योजना चुनाव से तीन महीने पहले सत्तारूढ़ दल द्वारा की गई धोखाधड़ी है। इस योजना के माध्यम से राज्य की महिलाओं को धोखा दिया जा रहा है.

इस मौके पर शिवसेना नेता अनंत गीते ने अपने तीखे भाषण में राज्य में राजनीति और नौटंकी पर जमकर हमला बोला। "महाराष्ट्र की संस्कृति रिश्ते बनाने की है, तोड़ने की नहीं। लेकिन मौजूदा सरकार ने विषवृक्ष की तरह महाराष्ट्र को तोड़ने के लिए पार्टियों, घरों और रिश्तों को तोड़ दिया है. इस पेड़ को उखाड़ना होगा और यह काम महाराष्ट्र के लोग करेंगे। उन्होंने मतदाताओं से विधान भवन में शिवसेना के आधिकारिक उम्मीदवार धनंजय बोडारे को जिताने की अपील की है.

इस अवसर पर शिव सेना संपर्क प्रमुख गुरुनाथ खोत, कल्याण शहर प्रमुख शरद पाटिल, दिलीप मालवणकर, प्रकाश तारे, शेखर यादव, रोहित साल्वे, अंजलि साल्वे, वसुधा बोडारे, सुरेंद्र सावंत, राजेंद्र साहू, कैलास तेजी, जया तेजी, बापू सावंत, मंगला पाटिल उपस्थित थे।

# छठ पूजा के बाद उल्हास नदी तट पर सफाई अभियान

### ■ युवाओं ने दिया अहम योगदान



**उल्हासनगर.** उत्तर भारतीय समाज का अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व छठ पर्व हाल ही में उल्हास नदी के तट पर मनाया गया। हालाँकि, छठ पूजा के बाद नदी क्षेत्र में हर जगह बड़ी मात्रा में अपशिष्ट, पूजा सामग्री, प्लास्टिक आदि के कारण जल प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हुई। जिसके बाद एस. एस. ग्रुप फाउंडेशन हेड सुचित्रा सुधीर सिंह की पहल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। फाउंडेशन के माध्यम से लागू की गई इस पहल से उल्हास नदी फिर से साफ हो गई है। फाउंडेशन के इस कार्य से उल्हासनगर निवासियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी है और जल प्रदूषण को रोकने के लिए एक नया आदर्श निर्मित हुआ है।

इस अभियान में विशेष रूप से बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया. ये युवा जल प्रदूषण को रोकने के लिए कूड़ा साफ करने के लिए नदी में उतरे थे. उनकी कड़ी मेहनत से नदी फिर से साफ और स्वच्छ दिखने लगी। एस। एस। ग्रुप फाउंडेशन के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने इन युवाओं के काम की सराहना की।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास

संपादकीय

## सामान्य झगड़े में हो रही हत्याएं

हत्या जैसे जघन्य अपराध को लेकर आम धारणा यही होती है कि इसके पीछे कोई बड़ा कारण होगा। मगर पिछले कुछ समय से जिस तरह बेहद मामूली बातों पर भी लोगों में आक्रामकता देखी जाने लगी है, झगड़े होने लगे हैं और कई बार गुस्से में उपजी हिंसा का अंत किसी की हत्या तक के साथ होने लगा है, वह हैरान करता है। यह बहुत धीमी रफ्तार से विकास की कोशिश करते समाज के लिए बेहद चिंताजनक है कि जिन बातों को सामान्य बातचीत से सुलझाया जा सकता है, उसमें नाहक ही किसी की जान तक चली जाती है।

### मामूली बात पर हो गई हत्या

कुछ दिन पहले दिल्ली के ज्वाला नगर इलाके में एक व्यक्ति ने अपने एक साथी की पत्थर से हमला कर सिर्फ इसलिए हत्या कर दी कि उसने उससे बीड़ी मांगी थी और इस पर झगड़ा हो गया। प्रथम दृष्टया ऐसी वजह से एक जघन्य अपराध के घटित होने पर विश्वास करना मुश्किल हो जाता है। मगर हाल के वर्षों में बहुत सारे लोगों में एक विचित्र किस्म की आक्रामकता देखी जाने लगी है, जिसका कोई मजबूत आधार नहीं होता।

निश्चित रूप से यह समाज में बढ़ती हताशा और उससे उपजे गुस्से का उदाहरण है, जिस पर देश और समाज के कर्ताधर्ताओं को सोचने की जरूरत है। अब यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि अर्थव्यवस्था की चमकती तस्वीर में से एक बड़ा तबका गायब रहता है, जो कई तरह की आर्थिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक स्तर पर चुपचाप पसरते संकटों का शिकार होता है। एक अन्य स्तर ऐसे लोगों का भी होता है, जो सभी संसाधनों और सुविधाओं से लैस होते हैं, मगर अहं और वर्चस्व की कुंठा से भरे रहते हैं।

वे इतना भी सोच पाने में सक्षम नहीं होते कि बहुत छोटी बात पर उनके इस कदर आपराधिक हो जाने के बाद कानून जब अपना काम करेगा, तो उन्हें किस तरह की स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। जाहिर है, सरकार को अपराधों पर लगाम लगाने के लिए कानूनों को सख्ती से लागू करने के साथ-साथ लोगों के भीतर इस तरह बढ़ती आक्रामकता, गुस्से और उसके कारणों को ध्यान में रख कर भी सामाजिक विकास नीतियां तय करने की जरूरत है।

# झारखंड में मिशनरियों के निशाने पर आदिवासी

आदिवासी समाज भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाने की तैयारी कर रहा है। वर्ष 1875 में 15 नवंबर को झारखंड में 'धरती आबा' यानी भगवान बिरसा मुंडा का जन्म हुआ था। जनजाति अस्मिता, स्वायत्तता और संस्कृति तथा वैष्णव धर्म की रक्षा के लिए बलिदान होने वाले भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष की सत्यता से जनजाति समाज को अवगत कराने का यह सही अवसर है।

भारत में बर्बर इस्लामिक आक्रांताओं के बारे में जो कुछ लिखा और कहा जाता है, वह विदेश से आयातित इस्लाम, ईसाइयत और वामपंथ का आधा ही सत्य है। यह समझने की आवश्यकता है कि ईसाई मिशनरियां भी हिंदुओं और आदिवासियों के खिलाफ षड्यंत्र करती रही हैं और आज भी कर रही हैं। कुछ समय पहले मिजोरम के मुख्यमंत्री के अमेरिका में दिए गए बयान से ऐसा प्रतीत होता है कि ईसाई मिशनरियां भी देश का विभाजन करना चाहती हैं।

ईस्ट इंडिया कंपनी ने पहले व्यापार और फिर छल-कपट से भारत में राज्य विस्तार के नाम पर यहीं के जमींदारों को आगे रखकर लूट शुरू की। इस लूट का विरोध करने वालों को चौक-चौराहे पर कोड़े मारने, फांसी पर लटकाने और मंदिरों को तोड़ने जैसे कृत्य किए गए। बाबा तिलका मांझी को मीलों घसीटते हुए खून में डूबे उनके शरीर को पेड़ पर लटका कर खुलेआम फांसी देना इसका उदाहरण है।

23 जून, 1757 को प्लासी युद्ध के बाद अंग्रेजों का तत्कालीन बंगाल पर नियंत्रण हो गया, जिसमें आज के



बिहार, ओडिशा तथा झारखंड शामिल थे। फिर 1765 में अंग्रेजों ने उसका दीवानी अधिकार प्राप्त कर लिया। ईस्ट इंडिया कंपनी ने तीर्थयात्रियों पर प्रतिबंध लगा दिया। उसके खिलाफ शुरू हुए संघर्ष को 'संन्यासी विद्रोह' कहा जाता है।

इसी संघर्ष को ध्यान में रखकर बंकिम चंद्र जी ने 'आनंदमठ' नामक उपन्यास लिखा था। इस संघर्ष का केंद्र बिहार का पूर्णिया था। वह आंदोलन लगभग चार दशक तक चला। बाद में 1771 से 1784 तक ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध संघर्ष छेड़ने वाले 'जबरा पहाड़िया' उर्फ बाबा तिलका मांझी को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के पहले सेनानी के नाम से जाना जाता है।

आज की पीढ़ी को उनके बारे में बहुत कम जानकारी है। 1857 के पहले 1853 में सिद्धू मुर्मु और कान्हू मुर्मु ने जंगल तराई में ब्रिटिश शासन के दमन और शोषण के खिलाफ 'करो या मरो- अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो' महासंग्राम छेड़ा था, जिसे आज संताल परगना कहा जाता है। यह महासंग्राम ईसाई मिशनरियों के खिलाफ भी था, जो आदिवासी समाज की संस्कृति को बदलने का काम कर रही थीं।

अगस्त 1855 में अंग्रेजों ने सिद्धू मुर्मु को बरगद के पेड़ पर लटकाकर फांसी दे दी। अंग्रेज भारतीय समाज को डराने के लिए बर्बर तरीके से फांसी देते थे, ताकि कोई उनके शासन के खिलाफ अपनी आवाज न उठा सके। बाबा तिलका मांझी, भगवान बिरसा मुंडा तथा सिद्धू-कान्हू मुर्मु के बारे में तो कुछ साहित्य उपलब्ध भी है, पर 1790 के तमाड़ विद्रोह, 1800 से 1818 तक चले चेरो आंदोलन तथा 1820-21 के हो विद्रोह, कोल विद्रोह, ताना भगत आंदोलन आदि के बारे में साहित्य न के बराबर उपलब्ध है।

वर्ष 1757 से 1857 के बीच ईस्ट इंडिया कंपनी के दमन और शोषण के खिलाफ देश में चले अनेक संघर्षों से डर कर ईसाई मिशनरियों ने जनजाति बहुल इलाकों में शिक्षा और स्वास्थ्य के नाम पर आदिवासियों के ईसाइकरण का षड्यंत्र शुरू किया और शिक्षा की आड़ में उन पर मानसिक गुलामी थोपना शुरू कर दिया।

देश राजनीतिक रूप से भले आजाद हो गया हो, पर मानसिक रूप से आज भी गुलाम है। इसीलिए जनजाति संघर्ष के बारे में बहुत कम लिखा गया। चिंता की बात यह है कि ईसाई मिशनरियां आज भी वैसे ही सक्रिय हैं, जैसे अंग्रेजी सत्ता के समय थीं। जिस जनजाति समाज ने अंग्रेजी राज के शोषण और दमन के खिलाफ संघर्ष किया, आज वही ईसाई मिशनरियों के चंगुल में है। जनजाति समाज को जंगल और जमीन के अधिकार से बेदखल करने वाले अंग्रेज थे, पर इसका कोई जिक्र नहीं करता।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

संतुलन, स्थिरता से आता है, स्थिरता, प्रभु के साथ संपर्क से आती है। प्रभु के साथ यह संपर्क ध्यानाभ्यास से आता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# खालिस्तानी आतंकियों का बना पनाहगाह

खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला की ओंटारियों में गिरफ्तारी के बाद कनाडा सरकार एक बार फिर सवालों के घेरे में है। गोलीबारी की एक घटना के आरोप में अर्श को वहीं की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसे भारत सरकार ने पिछले वर्ष वांछित आतंकवादी की सूची में डाल कर कनाडा से उसके प्रत्यर्पण की मांग की थी। भारत में उस पर कई हत्याओं के आरोप हैं। वह वहां हरदीप सिंह निज्जर के लिए काम करता है। वही निज्जर जिसकी हत्या को तूल देते हुए कनाडा सरकार ने भारत से अपने रिश्ते खराब कर लिए हैं और अब भी वह भारत को उकसाने से बाज नहीं आ रहा।

भारत लगातार कहता रहा है कि कनाडा की जमीन पर कई खालिस्तानी आतंकी पनाह पाए हुए हैं और वहां से भारत में अलगाववाद को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं। मगर कनाडा ने कभी भारत की किसी अपील को गंभीरता से नहीं लिया। बल्कि वह वहां खालिस्तान समर्थकों की भारत विरोधी गतिविधियों को नजरअंदाज करता रहा। निज्जर हत्या मामले में वह अभी तक कोई सबूत नहीं पेश कर सका है, मगर वह भारतीय खुफिया एजेंसियों, उच्चायोग के अधिकारियों, यहां तक कि गृहमंत्री पर भी आरोप लगा चुका है।

कनाडा को अब भी यह बात समझ नहीं आ रही कि जिन आतंकियों को वह पोस रहा है, वे अब उसके लिए ही सिरदर्द बनते जा रहे हैं। उनमें भी अब कई गुट बन गए हैं और मामूली रंजिश पर भी एक-दूसरे पर गोली चलाने से परहेज नहीं करते। उनकी आपसी रंजिश के चलते भी कई खालिस्तानी आतंकी मारे जा चुके हैं। अर्शदीप की गिरफ्तारी के



बाद निज्जर समूह की करतूतों की परतें खुलनी शुरू हो गई हैं।

यह अच्छी बात है कि कनाडा अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर संवेदनशील है, मगर ऐसे व्यक्तियों को संरक्षण देना और उनकी सुरक्षा के नाम पर दूसरे देश के साथ अपने वर्षों पुराने रिश्ते को दांव पर लगा देना कोई अच्छी कूटनीति नहीं हो सकती, जो दूसरे देश के लिए खतरे पैदा करते हों। कनाडा इस बात से अनजान नहीं कि भारत में खालिस्तान की मांग कितना संवेदनशील मुद्दा है। दो दोस्त देश एक-दूसरे की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता की फिक्र करते हैं। मगर कनाडा सरकार ने एक ऐसे व्यक्ति के लिए भारत के साथ बेवजह दुश्मनी का वातावरण बना दिया, जो भारत का वांछित आतंकवादी था।

हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को कनाडा ने इतना बड़ा मुद्दा बना दिया है कि उसके लिए वह आए दिन भारत के खिलाफ कोई न कोई विवाद खड़ा करने या कड़ा कदम उठाने का प्रयास करता है। अभी उसका भारतीय छात्रों के शिक्षा संबंधी त्वरित वीजा पर पाबंदी का फैसला भी ऐसा ही कदम है। इस तरह के फैसलों से कनाडा खुद अन्य देशों की नजर में कमजोर साबित हो रहा है।

अर्शदीप मामले में वह क्या कहेगा, जो खुद वहां की कानून व्यवस्था के लिए चुनौती खड़ी कर चुका है। क्या वह उसके जरिए निज्जर के खालिस्तान समर्थक तंत्र की हकीकत तलाशने का प्रयास करेगा। अगर वह सचमुच इसे लेकर गंभीर है, तो शायद अर्शदीप से उसे कई तथ्य हासिल हो सकते हैं। अगर कनाडा आतंकी गतिविधियों में लिप्त लोगों के प्रति ऐसा ही दोहरा रवैया अपनाता रहा, तो उसकी कानून व्यवस्था संबंधी चुनौतियां बढ़ेंगी ही। इस तरह चुनाव में फायदा उठाने का जस्टिन ट्रूडो का सपना भी पूरा नहीं हो सकता।

# गजब शौक, प्लास्टिक के पाइप से बना दिया टेलिस्कोप

इस युवक का नाम प्रथमेश सुर्वे है. बचपन से ही उसे टेलिस्कोप से चाँद और तारों को करीब से देखने और उनका अध्ययन करने का

**जरा हट के**

शौक था. लेकिन टेलिस्कोप की ऊंची कीमत के कारण उसे खरीदना उसके लिए आसान नहीं था. ऐसे में प्रथमेश ने खुद टेलिस्कोप बनाने का फैसला किया. उसने टेलिस्कोप के निर्माण की जानकारी जुटाई और इसके लिए आवश्यक सभी सामग्री को इकट्ठा किया.

सामग्री जुटाने के बाद, प्रथमेश ने एक साल तक कड़ी मेहनत की और आखिरकार एक छोटा टेलिस्कोप बनाने में कामयाब रहा. इस सफलता से प्रेरित होकर उसने एक बड़ा टेलिस्कोप भी तैयार किया. टेलिस्कोप बनाने में सबसे महत्वपूर्ण होती है उसकी लेंस का सही संतुलन. प्रथमेश ने अपनी आवश्यकताओं के अनुसार खासतौर पर लेंस तैयार करवाए. इसके साथ ही,



टेलिस्कोप बनाने में पीवीसी पाइप में सही दूरी का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी होता है, जिसे 'फोकल लेंथ' कहा जाता है. यह दूरी और कैलकुलेशन बिल्कुल सटीक होना चाहिए, और प्रथमेश ने इस पर भी कामयाबी हासिल की.

टेलिस्कोप के निर्माण में सबसे अहम हिस्सा उसकी लेंस होती है. प्रथमेश ने पहले लेंस तैयार करवाए, फिर पीवीसी पाइप से पूरी टेलिस्कोप की बॉडी तैयार की. इसके अलावा, पीवीसी पाइप के अंदर डबल लेंस का इस्तेमाल किया गया, जिसे सही तरह से डबल टेप से जोड़ा गया है. अगर इसमें थोड़ी भी गलती हो जाए, तो चाँद और तारे सही से नहीं दिखते. प्रथमेश ने इन सभी चीज़ों का ध्यान रखते हुए एक बेहतरीन टेलिस्कोप का निर्माण किया.

प्रथमेश का यह टेलिस्कोप बनाने में कुल लागत लगभग साढ़े तीन हजार रुपये आई. बाजार में मिलने वाले टेलिस्कोप की कीमत करीब 20 हजार रुपये से भी अधिक होती है, लेकिन प्रथमेश ने इस टेलिस्कोप को मात्र 3500 रुपये में तैयार कर लिया. यह टेलिस्कोप न केवल उसकी इच्छाओं को पूरा करता है बल्कि अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है.

# लंच में बनाएं पनीर कोफ्ता





### सामग्री :

100 ग्राम कद्दूकस किया हुआ पनीर, 2 कद्दूकस किए हुए उबले आलू, 50 ग्राम खोया, 25 ग्राम कटे हुए किशमिश, 50 ग्राम मैदा, 100 ग्राम टमाटर की प्यूरी, 100 ग्राम दूध, अदरक लहसुन का पेस्ट, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, हरी धनिया, जीरा, धनिया पाउडर, सरसों के तेल, रिफाइंड तेल, दालचीनी, हरी इलायची, लौंग, काली इलायची, तेजपत्ता, दही, चीनी, नमक

### बनाने का तरीका :

पनीर कोफ्ता बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में पनीर, कद्दूकस किए हुए आलू, अदरक लहसुन का पेस्ट, नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पत्ता, धनिया पाउडर, जीरा पाउडर और थोड़ा सा सरसों का तेल डालकर अच्छे से गूंथकर सख्त डो तैयार कर लें। अब एक पैन में तेल गर्म करके डो के छोटे छोटे टुकड़े करके कोफ्ते का आकार देते हुए तेल में फ्राई करें। अब फ्राई किए हुए कोफ्तों को एक प्लेट में निकालकर रख लें।

कोफ्ते की ग्रेवी बनाने के लिए



एक दूसरा पैन लेकर उसमें थोड़ा सा तेल डालकर गर्म कर लें। तेल गर्म होने पर उसमें दालचीनी, हरी इलायची, काली इलायची, लौंग, तेजपत्ता और जीरा डालकर भून लें। इसके बाद पैन में कटी हुई प्याज, अदरक लहसुन का पेस्ट डालकर हल्का गोल्डन होने तक भूनें। प्याज के गोल्डन होने के बाद उसमें लाल मिर्च और धनिया पाउडर डालकर टमाटर की प्यूरी को डालकर पका लें। जब टमाटर पक जाए तो पैन में थोड़ा सा दूध डालकर हल्की आंच पर पका लें। इसके बाद पैन में 3 से 4 चम्मच दही को अच्छे से फेंटकर उसके साथ थोड़ी सी चीनी भी डाल दें। ग्रेवी को 15 मिनट तक गाढ़ी होने तक पकाएं। इसके बाद ग्रेवी में तले हुए कोफ्तों को डालकर 5 मिनट के लिए छोड़ दें। ग्रेवी में स्वाद अनुसार नमक मिलाने के बाद हरी धनिया पत्ती काटकर ग्रेवी को गार्निश करें। आपका पनीर कोफ्ता बनकर तैयार है। आप इसे रोटी, पराठे या नान के साथ सर्व कर सकते हैं।

# रात में 12 बजे के बाद सोते हैं तो घेर लेंगी ये गंभीर बीमारियां

**शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जितना जरूरी रोजाना रात में अच्छी नींद लेना है, उतना ही समय पर सोना और जागना भी है। ज्यादातर अध्ययन कहते हैं, रात में 10 बजे तक सो जाना चाहिए। मेटाबॉलिज्म को ठीक रखने और आपको कई प्रकार की बीमारियों से बचाए रखने के लिए ये जरूरी है। हालांकि डॉक्टर्स कहते हैं, बड़ी संख्या में ऐसे भी लोग हैं जो देर रात या 12 बजे के बाद सोते हैं। रात में देर से सोने और नींद पूरी न होने की स्थिति सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक हो सकती है।**

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया, अगर आप रात में अक्सर देर से सोते हैं तो इससे मूड से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। दीर्घकालिक तौर पर इसके सेहत से संबंधित और भी कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। आजकल की दौड़ती-भागती जीवनशैली, बढ़ते डिजिटल स्क्रीन के इस्तेमाल और काम के दबाव के कारण नींद भी काफी अधिक प्रभावित हो गई है। अगर आप भी इसका शिकार हैं तो सावधान हो जाइए।

### रात में देर रात तक जागना हानिकारक

डॉक्टर कहते हैं, जब हम रात में देर रात तक जागते हैं, तो इससे हमारी नींद का प्राकृतिक चक्र प्रभावित होता है। इसके कारण गहरी नींद नहीं मिल पाती है जो कि



शारीरिक और मानसिक रूप से शरीर को रिफ्रेश करने के लिए जरूरी है। नींद का चक्र बाधित होने से नींद की अवधि और गुणवत्ता भी प्रभावित होने लगती है। ये मेटाबॉलिज्म से संबंधित समस्याओं, रोग प्रतिरोधक क्षमता, मानसिक स्वास्थ्य सभी के लिए हानिकारक है।

डॉक्टर बताते हैं, वयस्कों के लिए रात में 10 से 11 बजे तक सो जाना अच्छा माना जाता है। 12 बजे या इसके बाद सोने की आदत कई प्रकार की बीमारियों को बढ़ाने वाली हो सकती है।

### मेटाबोलिज्म की समस्या

रात में देर से सोने से मेटाबोलिज्म पर बुरा असर पड़ता है। शोध से पता चला है कि जो लोग नियमित रूप से देर से सोते हैं, उनके शरीर में वसा का स्तर बढ़ सकता है। मेटाबोलिज्म धीमा होने से वजन बढ़ने की आशंका अधिक होती है और मोटापे का खतरा बढ़ता है। अधिक वजन की स्थिति डायबिटीज, हृदय रोग और पाचन से संबंधित कई अन्य विकारों का भी कारण बन सकती है।

### मेंटल हेल्थ पर असर

अच्छी नींद लेना मेंटल हेल्थ को ठीक रखने के लिए जरूरी है। देर रात तक जागने से मूड स्विंग्स, अवसाद (डिप्रेशन) और चिंता जैसी मानसिक समस्याएं जन्म ले सकती हैं। अध्ययनों में पाया गया है कि जब आप रात में देर से सोते हैं तो इससे शरीर में सेरोटोनिन और डोपामिन जैसे हार्मोन्स का असंतुलन हो सकता है जिसके कारण मानसिक थकावट और चिड़चिड़ापन बढ़ता है। दीर्घकालिक रूप से ये स्ट्रेस और एंग्जाइटी को भी बढ़ा सकती है।

## आज का राशिफल

**मेष :** व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा। परिजनों के स्वास्थ्य और सुविधाओं की ओर ध्यान दें। यात्रा के योग टलेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे।

**वृषभ :** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति जीवन में आनंद का संचार करेगी। कई दिनों से रुका पैसा मिल सकेगा।

**मिथुन :** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं। सावधानी से व्यापारिक अनुबंध करें। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**कर्क :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसर मिलेंगे। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**सिंह :** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है। प्रतिष्ठितजनों से मेल-जोल बढ़ेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या :** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान प्राप्त होगा। भाइयों से अनबन हो सकती है। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। चोट व रोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी।

**तुला :** व्यापारिक लाभ होगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी। कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे।

**वृश्चिक :** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे। अनुकूल समाचार मिलेंगे तथा दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे।

**धनु :** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। दुस्साहस न करें। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। स्वयं की प्रतिष्ठा व सम्मान के अनुरूप कार्य हो सकेंगे।

**मकर :** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है। रुका कार्य होने से प्रसन्नाता होगी। आर्थिक सलाह उपयोगी रहेगी। कर्ज की चिंता कम होगी।

**कुंभ :** बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। थकान रहेगी। व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है। खर्चों में कमी करने का प्रयास करें। अति व्यस्तता रहेगी।

**मीन :** मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। महत्व के कार्य को समय पर करें। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# क्या है निमोनिया ?

## जानिए इस बीमारी से जुड़ी ये 4 बातें

**निमोनिया एक गंभीर बीमारी है, जिसके प्रति जागरुकता फैलाने के लिए हर साल 12 नवंबर को वर्ल्ड निमोनिया डे मनाया जाता है। इस खास दिन पर वैश्विक स्तर पर कई तरह के कार्यक्रम, हेल्थ कैंप और सेमिनार भी किए जाते हैं। ऐसे में इस खास दिन पर हम भी आपको बता रहे हैं कि आखिर निमोनिया क्या है और इससे जुड़ी कुछ जरूरी बातें जो आपको जाननी चाहिए।**


### 12 नवंबर वर्ल्ड निमोनिया डे

सांस लेने पर फेफड़े हवा को फिल्टर करते हैं। इस प्रक्रिया के दौरान फेफड़े ऑक्सीजन को पूरे शरीर में ब्लड फ्लो के जरिए भेजते हैं और सांस छोड़ने के दौरान कार्बन डाइऑक्साइड युक्त हवा को बाहर निकालते हैं। ऐसे में फेफड़े हमारे शरीर के सबसे जरूरी अंगों में से एक हैं। निमोनिया जैसी बीमारी में फेफड़े संक्रमित हो जाते हैं। ये समस्या बच्चों में ज्यादा देखने को मिलती है। बच्चों में यह संक्रमण वायरस के कारण फैलता है तो वहीं बड़ों में यह बैक्टीरिया के कारण पैदा होती है। ये बीमारी एक दूसरे से फैलती भी है।

### निमोनिया से जुड़ी ये बातें...

1) निमोनिया एक ऐसी बीमारी है जो किसी को भी हो सकती है। लेकिन कुछ लोगों को इसका खतरा ज्यादा होता है। जी हां, छोटे बच्चे, बूढ़े और कुछ पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों वाले लोग जिनमें फेफड़ों, दिल , किडनी या लिवर की बीमारी, डायबिटीज, या कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को इस बीमारी का खतरा ज्यादा है।

2) निमोनिया के लक्षणों में बुखार, ठंड लगना, खांसी, सांस लेने में तकलीफ, सीने में



दर्द या कमजोरी महसूस हो सकती है। इसके गंभीर होने पर श्वसन फेलियर, सेप्सिस हो सकता है। ध्यान न देने पर व्यक्ति की मौत भी हो सकती है।

3) निमोनिया एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है, लेकिन यह अन्य कारकों के कारण भी हो सकता है। निमोनिया का कारण बनने वाले वायरस और बैक्टीरिया तब फैल सकते हैं जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता या छींकता है, जिससे रोगाणु से भरी बूंदें हवा में फैल जाती हैं। इस वजह से बीमारी के हल्के या फिर गंभीर लक्षण दिखाई दे सकते हैं।

4) न्यूमोकोकल निमोनिया को रोकने के लिए टीके मिलते हैं। छोटे बच्चों, बड़े वयस्कों और कुछ पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों या दूसरे जोखिम कारकों वाले लोगों के लिए न्यूमोकोकल टीकाकरण की सिफारिश की जाती है।

# चेहरे की खूबसूरती कम करते हैं डार्क सर्कल

### इन 3 हैक्स की मदद से पाएं इससे छुटकारा

आंखों के किनारे काले घेरे जिसे अंडर आई सर्कल या डार्क सर्कल भी कहते हैं, एक बेहद आम समस्या है, जिससे आज के समय में एक बड़ी आबादी परेशान है। इस समस्या के कारण आंखों के नीचे की स्किन डार्क हो जाती है, जो स्किन को डल बनाने के साथ उम्र से बड़ा दिखाती है। डार्क सर्कल किसी भी कारण हो ये जिद्दी अंडर आई सर्कल जल्दी जाने का नाम नहीं लेते हैं।

ऐसे में इंस्टेंट ग्लो के लिए कंसीलर काम आता है जो कि अंडर आई सर्कल को जादुई तरीके से खत्म करता है। आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे डार्क सर्कल होने की वजह और जानेंगे कुछ ऐसे कंसीलर हैक के बारे में, जो आपके अंडर आई सर्कल ऐसे छिपा देंगे, जैसे वे कभी थे ही नहीं।

### ऐसे करें डार्क सर्कल को कवर

आमतौर पर कंसीलर को आंखों के नीचे उल्टा त्रिकोण बना कर कंसील करना सिखाया जाता है या फिर लोग सीधा कंसीलर लगा कर ब्लेंड कर लेते हैं।

लेकिन अगर अंडर आई सर्कल को पूरी तरह गायब करना है, तो सबसे पहले उंगलियों से टैप करके आई क्रीम लगाएं। फिर अपनी स्किन टोन से मैच करता हुआ कंसीलर लें और इसकी एक पतली परत लगाएं। अपनी उंगलियों से ही टैप कर के ब्लेंड करते हुए लगाएं। फिर एक ब्राइटनिंग कंसीलर लगाएं। अब एक डैंप (नमी लिया



हुआ) ब्यूटी ब्लेंडर लें और उससे अच्छे से कंसीलर को ब्लेंड करें। फिर ब्रश से हल्का सा फेस पाउडर से टच अप दें। चीक बोन पर हाईलाइटर लगा कर मेकअप लुक कंप्लीट करें।

कंसीलर भी कई प्रकार के होते हैं, जैसे लिक्विड, स्टिक, बाम और क्रीम कंसीलर। डार्क स्पॉट, रेडनेस, पफिनेस, पिगमेंटेशन के अनुसार इनका अलग-अलग इस्तेमाल किया जाता है। अपनी जरूरत के अनुसार कंसीलर का चुनाव करें। लिक्विड कंसीलर डार्क सर्कल के लिए अच्छे होते हैं, स्टिक कंसीलर एक्ने या मुहांसों के डार्क स्पॉट को छुपाने के लिए अच्छे होते हैं, क्रीम कंसीलर लिप्स के पाउट के आसपास लगाएं, जिससे इसे लिफ्ट करते समय ये नेचुरली क्लीन और सुंदर दिखें।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### योगी के मंत्री नितिन अग्रवाल की बड़ी कार्रवाई, गाजीपुर के जिला आबकारी अधिकारी सस्पेंड

**लखनऊ.** योगी सरकार जीरो टॉलरेंस नीति पर लगातार कार्रवाई कर रही है। बीते दिनों भ्रष्टाचार में लिप्त कई अफसरों पर योगी सरकार कार्रवाई कर चुकी है। इसी ऐवज में योगी के मंत्री नितिन अग्रवाल ने भी कार्रवाई की है। आबकारी मंत्री ने गाजीपुर के जिला आबकारी अधिकारी देवेंद्र जैन को सस्पेंड कर दिया है। इनके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। पहली ही शिकायत में हुई जांच के बाद देवेंद्र जैन दोषी पाए गए। इसके बाद आबकारी मंत्री के आदेश पर उन्हें सस्पेंड कर दिया गया।

### बांदा में युवक की हत्याकर घर के सामने ही फेंका शव, मुस्लिम युवती से की थी लव मैरिज

**बांदा.** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक युवक की हत्या कर शव को घर के सामने ही फेंक दिया गया। खून से लथपथ शव उसके घर के सामने पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस घटना की जांच में जुट गई। युवक ने कुछ साल पहले एक मुस्लिम युवती से शादी की थी। विरोध के बाद अपना घर छोड़कर कांशीराम कालोनी में परिवार के साथ रहता था।

पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार सिंह ने बताया कि बांदा नगर के क्योटरा मोहल्ला निवासी अजय कुमार निगम (36) पिछले कई वर्षो से हरदौली क्षेत्र में स्थित कांशीराम कालोनी में अपने परिवार के साथ रह रहा था। आज उसका शव उसके घर के दरवाजे के सामने पड़ा मिला। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उठाकर अस्पताल ले आई।


### बरेली में वक्फ बोर्ड कर्मी ने मांगी 18 हजार की रिश्वत, विजिलेंस टीम ने रंगे हाथ पकड़ा

**बरेली.** बरेली में विजिलेंस की टीम ने विकास भवन स्थित अल्पसंख्यक विभाग के वक्फ सहायक को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ कर जेल भेजने की तैयारी चल रही है। बहेड़ी के गांव रजपुरा स्थित मदरसा मंजूरिया अख्तरूल उलूम को ग्राम बसुधरन जागीर में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव विकास भवन स्थित अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में लगाया गया था। इस प्रस्ताव को निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी लखनऊ को ट्रांसफर किया जाना था। मगर विभाग के वक्फ सहायक मोहम्मद आसिफ ने इस काम के लिए एक लाख को रिश्वत की मांग की। मदरसा संचालक ने काफी अनुरोध किया तो किश्त में रकम लेने की बात तय हो गई। इसके बाद उन्होंने विजिलेंस से शिकायत की तो ट्रैप की योजना बनाई गई। फिर मंगलवार को विकास भवन में 18 हजार रुपये की पहली किश्त लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। उससे पूछताछ कर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

### महाराष्ट्र के चिमूर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा..

# 'हम एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे'

**चिमूर.** पीएम मोदी महाराष्ट्र के चिमूर में जनसभा को संबोधित किया और विपक्ष पर भी निशाना साधा। पीएम ने कहा कि आपकी एकता टूट जाए, ये कांग्रेस का खतरनाक खेल है। आदिवासी समाज जातियों में बटेगा, तो उसकी पहचान और ताकत खत्म हो जाएगी। कांग्रेस के शहजादे विदेश में जाकर खुद ये ऐलान कर चुके हैं। इसलिए मैं कहता हूं कि हमें कांग्रेस के इस षड्यंत्र का शिकार नहीं होना है, हमें एकजुट रहना है। इसलिए मेरा आपसे आग्रह है कि हम एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।



पीएम ने कहा कि अगर आप एक नहीं रहे, आपकी एकजुटता टूटी, तो सबसे पहले कांग्रेस आपका आरक्षण छीन लेगी। कांग्रेस के शाही परिवार की हमेशा से मानसिकता रही है कि वो इस देश वे राज करने के लिए ही पैदा हुआ है। आजादी के बाद इसलिए ही कांग्रेस ने दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को आगे नहीं बढ़ने दिया। कांग्रेस आरक्षण से चिढ़ती है।

**किसानों को लेकर कही ये बात**

पीएम ने कहा कि हमें महाराष्ट्र को समृद्ध बनाने के लिए हमारे किसानों को समृद्ध बनाना है। आज यहां किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का फायदा मिल रहा है। महायुति सरकार साथ में नमो शेतकरी योजना का डबल फायदा भी दे रही है। पीएम ने कहा कि भाजपा और महायुति सरकार 'सबका साथ-सबका विकास' के मंत्र को लेकर काम कर रही है। मैं गरीब के जीवन की मुश्किलों को समझता हूं, इसलिए आपका जीवन आसान बनाने के लिए मैं दिनरात काम करता हूं।

पीएम ने कहा कि कांग्रेस और उसके साथियों ने आपको सिर्फ और सिर्फ खूनी खेल दिए हैं। ये हमारी सरकार है जिसने नक्सलवाद पर लगाम लगाई है। आज ये पूरा क्षेत्र खुलकर सांस ले पा रहा है। अब चिमूर और गढ़चिरौली के क्षेत्र में नए अवसर बन रहे हैं। इस क्षेत्र में नक्सलवाद फिर से हावी न हो जाए, इसके लिए आपको कांग्रेस और उसके साथियों को यहां फटकने भी नहीं देना है।

उन्होंने कहा कि हमारे चंद्रपुर के इस क्षेत्र ने भी दशकों तक नक्सलवाद की आग को झेला है। यहां नक्सलवाद के कुचक्र में कितने ही युवाओं का जीवन बर्बाद हो गया। हिंसा का खूनी खेल चलता रहा, औधोगिक संभावनाओं ने यहां दम तोड़ दिया।

# CJI बनते ही ऐक्शन में जस्टिस संजीव खन्ना



- **तत्काल सुनवाई पर बदल डाली जस्टिस चंद्रचूड़ वाली व्यवस्था**

**नई दिल्ली.** देश के नए नवेले मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना बतौर CJI अपने कार्यकाल के दूसरे दिन यानी मंगलवार को ऐक्शन में दिखे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में मामलों की तत्काल सुनवाई पर नई व्यवस्था करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि मामलों को तत्काल सूचीबद्ध करने और उन पर सुनवाई के लिए मौखिक उल्लेख करने की अनुमति अब नहीं दी जाएगी। उन्होंने वकीलों से इसके लिए ई-मेल या लिखित पत्र भेजने का आग्रह किया। आमतौर पर वकील दिन की कार्यवाही की शुरुआत में CJI की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष अपने मामलों पर तत्काल सुनवाई के लिए उनका मौखिक उल्लेख करते रहे हैं।

नए चीफ जस्टिस खन्ना ने न्यायिक सुधारों के लिए नागरिक-केंद्रित एजेंडे की रूपरेखा तैयार की है और कहा है कि न्याय तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना और नागरिकों के साथ उनकी स्थिति की परवाह किए बिना समान व्यवहार करना न्यायपालिका का संवैधानिक कर्तव्य है।

जस्टिस खन्ना ने एक दिन पहले ही मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली है। 10 नवंबर को जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ का कार्यकाल खत्म हो गया था।

> चीफ जस्टिस खन्ना ने इस पुरानी परंपरा को बदलते हुए कहा, "अब कोई मौखिक उल्लेख नहीं होगा। केवल ई-मेल या लिखित पर्ची/पत्र के जरिए ही तत्काल सुनवाई के लिए अनुरोध स्वीकार किया जाएगा। बस, उस पत्राचार में वकीलों को तत्काल सुनवाई की आवश्यकता के कारण बताने होंगे।" बता दें कि पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के कार्यकाल के दौरान मौखिक उल्लेख की परंपरा ने वकीलों को मौखिक रूप से तत्काल केस की लिस्टिंग का अनुरोध करने की अनुमति दी थी। हालांकि, इस व्यवस्था का इस्तेमाल आमतौर पर आसन्न गिरफ्तारी के मामलों या पुलिसिया कार्रवाई में अक्सर विध्वंस के मामलों में राहत पाने के लिए किया जाता था।

# चुनाव आयोग ने उद्धव का बैग चेक किया

- **पूर्व CM ने खुद VIDEO बनाया**
- **बोले- मोदी का बैग भी चेक करना, वहां पूंछ मत झुकाना**



**यवतमाल.** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (UBT) के चीफ उद्धव ठाकरे सोमवार को प्रचार के लिए यवतमाल के वनी एयरपोर्ट पहुंचे। यहां हेलीकॉप्टर से उतरते ही चुनाव आयोग के अधिकारी उनका बैग चेक करने आए, जिसे लेकर उद्धव नाराज हो गए।

उद्धव ने अधिकारियों के बैग चेक करने का वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर शेयर किया। वीडियो में उद्धव अधिकारियों से मोदी-शाह के बैग चेक करने की मांग करते नजर आए। उन्होंने कहा-

मेरा बैग चेक कर लीजिए। चाहे तो मेरा यूरिन पॉट भी चेक कर लीजिए, लेकिन अब मुझे मोदी के बैग चेक करते हुए भी आप लोगों का वीडियो चाहिए। वहां आप अपनी पूंछ मत झुका देना। आपको जो खोल कर देखना है देख लीजिए। यह वीडियो मैं रिलीज कर रहा हूं। इसके बाद मैं आप लोगों को खोलूंगा।

# फडणवीस बोले- अरे ओ ओवैसी सुन ले

## कुत्ता भी न पेशाब करेगा औरंगजेब की पहचान पर, तिरंगा लहराएगा पूरे पाकिस्तान पर

**मुंबई.** महाराष्ट्र के वर्सोवा में प्रचार के दौरान AIMIM चीफ ओवैसी ने 10 नवंबर को डिप्टी CM देवेंद्र फडणवीस पर मुसलमानों को डराने-धमकाने का आरोप लगाया था। इसके 24 घंटे बाद ही फडणीस ने पलटवार करते हुए कहा कि ओवैसी महाराष्ट्र में औरंगजेब का महिमामंडन कर रहे हैं। फडणवीस ने मुंबई में एक रैली के दौरान कहा-



**आज कल तो औवेसी भी यहां आने लगा है। मेरे हैदराबादी भाई, तू यहां मत आ। तू उधर ही रह, क्योंकि यहां तेरा कोई काम नहीं है। महाराष्ट्र में आकर कोई औरंगजेब का महिमामंडन कर रहा है। भारत का सच्चा मुसलमान औरंगजेब को अपना हीरो नहीं मानता। औरंगजेब तो आक्रमणकारी था। सुन ले औवेसी...कुत्ता भी ना पेशाब करेगा औरंगजेब की पहचान पर। अब तो तिरंगा लहराएंगे पूरे पाकिस्तान पर।**

लोकसभा चुनाव खराब प्रदर्शन को लेकर फडणवीस ने रैली में कहा- महाराष्ट्र में हम सोए हुए थे। हम इनके वोट जिहाद को समझ नहीं पाए, लेकिन अब हम वोटों से ऐसा धर्मयुद्ध लड़ेंगे, जिससे गीदड़ों को समझ आ जाएगा कि उनका काम खत्म हो गया है।

### फडणवीस की स्पीच की 3 बातें...

कांग्रेस के लोग बरसाती मेंढक हैं। चुनाव के दौरान ये घोषणापत्र ले कर आते हैं। पिछले चुनाव में राहुल गांधी ने कहा था झोपड़पट्टी वालों को घर देंगे। इनकी 2.5 साल सरकार थी। इन्होंने वादा पूरा नहीं किया। कल इन्होंने फिर से घोषणापत्र जारी किया है। उसमें ये लोग झोपड़पट्टी वालों के बारे में भूल गए।

ये साधारण चुनाव नहीं है। हम किसी धर्म के खिलाफ नहीं है। हमने कभी धर्म की बात नहीं की। हमने सभी जाति और धर्मों के लिए योजनाएं लाई। अगर यहां कोई वोटों जिहाद की बात करेगा तो उसे हम वोटों के धर्मयुद्ध से जवाब देंगे।

2010 से 2024 तक जितने दंगे हुए हैं, उनमें शामिल मुसलमान आरोपियों को छोड़ने की डिमांड रखी गई। दंगों में शामिल लोग देश को तहस-नहस करते हैं। ऐसे लोगों को छोड़ने का डिमांड को MVA मंजूर करने की बात कहता है। ये बात MVA को मंजूर होगी, लेकिन देश को स्वीकार नहीं है।

# सांसद कंगना रनोट को नोटिस

**आगरा.** किसानों के अपमान मामले में बॉलीवुड एक्ट्रेस और BJP सांसद कंगना रनोट के खिलाफ आगरा कोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार को कोर्ट ने उन्हें नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। कहा- कंगना अपना पक्ष रखें। 28 नवंबर को अगली सुनवाई होगी। दरअसल, इसी साल 24 अगस्त को कंगना ने कहा था- किसान आंदोलन के समय रेप-मर्डर हुए। बिल वापसी न होती तो प्लानिंग लंबी थी। इसके बाद अभिनेत्री के खिलाफ आगरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमाशंकर शर्मा ने MP/MLA कोर्ट में 11 सितंबर को याचिका दाखिल की। आरोप लगाया कि कंगना ने धरने पर बैठे लाखों किसानों पर अभद्र टिप्पणी की। उन पर राष्ट्रद्रोह का केस हो।

एड. रमाशंकर शर्मा ने कहा- मैं भी किसान परिवार से हूं। 30 साल तक खेती-किसानी की। किसानों और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति सम्मान रखता हूं। कंगना ने हमारी और लाखों किसानों की भावनाएं आहत की है।

# 10 राज्यों की 31 विधानसभा 1 लोस सीट पर उपचुनाव आज

- **वायनाड में प्रियंका के खिलाफ भाजपा की नव्या**
- **सिक्किम की 2 सीटों पर निर्विरोध चुनाव हुआ**



**नई दिल्ली.** झारखंड में पहले फेज की 43 सीटों के साथ ही 10 राज्यों की 31 विधानसभा और केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर बुधवार को उपचुनाव होंगे।

सिक्किम की 2 सीटों पर 30 अक्टूबर को ही सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (SKM) के दोनों प्रत्याशियों को निर्विरोध विजयी घोषित कर दिया गया था। वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव राहुल गांधी के इस सीट को छोड़कर रायबरेली सीट चुनने की वजह से हो रहा है। उन्होंने रायबरेली और वायनाड दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीते थे। यहां से उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा कांग्रेस प्रत्याशी हैं। कांग्रेस का राज्य में UDF गठबंधन है। भाजपा की ओर से नव्या हरिदास और लेफ्ट गठबंधन LDF से सत्यन मोकेरी चुनावी मैदान में हैं।

10 राज्यों की 31 विधानसभा सीटों में से 28 विधायकों के लोकसभा चुनाव में सांसद बनने, 2 के निधन और 1 के दलबदल से उपचुनाव हो रहे हैं। इनमें 4 सीटें SC और 6 सीटें ST के लिए आरक्षित हैं।

31 में से 18 सीटें विपक्ष ने जीती थीं। इनमें अकेले कांग्रेस के पास 9 सीटें थीं। वहीं, NDA ने 11 सीटें जीती थीं। इनमें से 7 विधायक भाजपा के थे। 2 विधायक अन्य दलों के थे।

# झारखंड-बंगाल में वोटिंग से पहले ED की छापेमारी

- **17 जगहों पर सर्चिंग जारी;**
- **बांग्लादेशी घुसपैठ और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है मामला**




**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने मंगलवार को झारखंड और पश्चिम बंगाल में 17 जगहों पर छापेमारी की। मामला बांग्लादेशी घुसपैठ, देह व्यापार और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, ED की टीम कई लोगों और संगठनों की सीमापार घुसपैठ से जुड़ी वित्तीय गड़बड़ियों की जांच कर रही है। झारखंड विधानसभा चुनाव में कल यानी बुधवार को पहले चरण में 43 सीटों पर वोटिंग होनी है। वहीं, पश्चिम बंगाल की 6 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने

### देह व्यापार से भी जुड़ रहे तार, FIR दर्ज हुई थी

दरअसल, रांची पुलिस ने इसी साल जून में बरियातू थाना क्षेत्र के हिल व्यू रोड वाली रिजॉर्ट से तीन संदिग्ध बांग्लादेशी युवतियों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार तीनों युवतियों की पहचान बांग्लादेश के चटग्राम की रहने वाली निंपी बिरूआ, समरीन अख्तर व निपा अख्तर के रूप में हुई थी। तीनों ही युवतियों ने पुलिस को बताया था कि उन्हें मनीषा राय नामक की एक अन्य लड़की की मदद से बांग्लादेश से जंगल के रास्ते पहले कोलकाता फिर वहां से रांची लेकर आई थी। उन्हें ब्यूटी सैलून में जॉब दिलाने की बात कही गई थी, लेकिन यहां उनसे जिस्मफरोशी कराई जाने लगी। गिरफ्तार बांग्लादेशी युवतियों से मिली जानकारी के आधार पर रांची के बरियातू थाने में 4 जून को FIR (संख्या 188/2024) दर्ज हुई

### IRS अफसर बनकर महिला मित्रों से करता था अश्लील चैट

# 25 से ज्यादा महिलाओं से लाखों रुपए ठगे

**उज्जैन.** उज्जैन में खुद को भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) का अफसर बताकर 25 से ज्यादा युवतियों को ठगने वाले ने अपने कोचिंग टीचर तक को नहीं छोड़ा। 5 साल पहले जिस कोचिंग में यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) की तैयारी की, वहां सिलेक्शन का कहकर अपना झूठा सम्मान करवा लिया। घरवालों को भी बताया कि मैं इनकम टैक्स अधिकारी हो गया हूं। आरोपी सर्वेश कुमावत को जयपुर की विद्याधर नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह जयपुर में अजमेर रोड स्थित एक होटल में एक लड़की से मिलने पहुंचा था, तभी पुलिस ने उसे धरदबोचा। वह खुद को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) का जोनल डायरेक्टर बताकर युवतियों से चैट करता था।



मोबाइल चैट से पता चला है कि सर्वेश ने 25 से ज्यादा युवतियों को ठगा है। इनमें से 21 सरकारी कर्मचारी हैं। उनके लाखों रुपए हड़प चुका है। उसके मोबाइल में कुछ युवतियों के साथ की गई आपत्तिजनक चैट भी मिली है।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेल सकते हैं शमी !

- **भारतीय टीम मैनेजमेंट ने रणजी खेलने को कहा**
- **फिटनेस परखने एक चयनकर्ता को भी भेजा**




भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू हो रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेल सकते हैं। उन्हें 25 अक्टूबर को जारी स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया था।

सूत्रों ने बताया है कि भारतीय टीम मैनेजमेंट ने 34 साल के तेज गेंदबाज को मध्यप्रदेश के खिलाफ 13 नवंबर से इंदौर में होने जा रहे बंगाल के रणजी मैच में खेलने को कहा है। इतना ही नहीं, इस मुकाबले में शमी की फिटनेस को परखने के लिए एक चयनकर्ता को भी भेजा है। यदि शमी 4 दिनी मुकाबले में अपनी फिटनेस साबित कर देते हैं, तो उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए बुलाया जाएगा। शमी को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम में चुने जाने की उम्मीद थी

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले शमी की फिटनेस पर कड़ी नजर रखी जा रही थी। हालांकि, उन्हें पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम में नहीं चुना गया। टीम चुने जाने से ठीक पहले शमी ने कहा था कि उन्हें बंगाल से एक या दो रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया जाने की उम्मीद है।

# नॉर्मलाइजेशन के खिलाफ छात्रों का प्रयागराज में बड़ा प्रदर्शन

**प्रयागराज.** यूपी पीसीएस 2024 प्रारंभिक परीक्षा दो दिन में कराने और नॉर्मलाइजेशन (मानकीकरण) के खिलाफ सोमवार को प्रयागराज में छात्रों का बड़ा प्रदर्शन हो रहा है। इस मुद्दे पर कई दिनों से आंदोलित छात्रों ने पहले ही इस प्रदर्शन का ऐलान किया था जिसे देखते हुए सुबह से यूपीपीएससी के आसपास पुलिस बल का भारी इंतजाम किया गया था। पुलिस, छात्रों को धरनास्थल पर भेजने के प्रयास में थी लेकिन हजारों की संख्या में छात्र आयोग के गेट नंबर दो पर पहुंच गए हैं। अभ्यर्थियों ने साफ किया है कि जब तक मानकीकरण निरस्त होने की नोटिस जारी नहीं होती और परीक्षा एक दिन में नहीं होती तब तक उनका शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक धरना जारी रहेगा। धरने में उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली और अन्य राज्यों से कई प्रतियोगी छात्र भी प्रदर्शन में शामिल हैं।



उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के गेट नंबर दो पर हजारों की संख्या में छात्र जुटे हैं। प्रदर्शन में कुछ छात्राएं भी हैं। छात्रों की भीड़ और उनके दबाव से चौराहे पर लगी बैरिकेडिंग टूट गई। 2013 के त्रिस्तरीय आरक्षण आंदोलन के 11 साल बाद छात्रों का इतना बड़ा प्रदर्शन प्रयागराज में देखने को मिल रहा है। बता दें कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने सात और आठ दिसंबर को पीसीएस 2024 प्रारंभिक परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी हैं। आयोग के सचिव अशोक कुमार ने उन सभी 41 जिलों के डीएम को आठ नवंबर को निर्देश भेजे जहां परीक्षाएं कराई जाएंगी। लेकिन छात्र आयोग के निर्णय को किसी भी सूरत में मानने को तैयार नहीं हैं। दो नम्बर गेट के बाहर पुलिस और पैरामिलिट्री के जवान बैरीकेडिंग कर खड़े हैं।

### तिरंगे के साथ प्रदर्शन

छात्र हाथों में तिरंगा और भगत सिंह की तस्वीर लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। नारेबाजी और तालियों के बीच कुछ सुनना मुश्किल हो रहा है। यूपीपीएससी का दो नम्बर गेट पूरी तरह से पैक हो गया है। छात्रों के बीच से 'आवाज़ दो हम एक हैं,' छात्र एकता जिंदाबाद', 'आयोग की तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगातार लगाए जा रहे हैं।

# IAS अफसर ने वॉट्सऐप पर हिन्दू-मुस्लिम ग्रुप बनाया

## राज्य सरकार ने सस्पेंड किया | फोन हैक होने का दावा जांच में गलत मिला

केरल सरकार ने सोमवार को दो सीनियर IAS अफसरों को सस्पेंड कर दिया है। उन पर सर्विस नियमों को नहीं मानने और अनुशासन के उल्लंघन का आरोप है। इनमें से एक के. गोपालकृष्णन और दूसरे अधिकारी एन. प्रशांत हैं।

गोपालकृष्णन पर दो वॉट्सएप ग्रुप बनाने का आरोप है, जिसमें हिन्दू और मुस्लिम अफसरों को अलग-अलग जोड़ा गया है। 30 अक्टूबर को मल्लू हिंदू ऑफिसर्स नाम से व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया था, जिसके एडमिन गोपालकृष्णन थे। इसमें कई सीनियर अधिकारियों को एड किया गया था।

गोपालकृष्णन की कंप्लेन व्हॉट्सऐप ग्रुप में शामिल कुछ अफसरों ने ही की। इसके बाद गोपालकृष्णन ने पुलिस से अपना फोन हैक होने और उससे धर्म आधारित वॉट्सएप ग्रुप बनाए जाने की शिकायत की थी। हालांकि मामले की पड़ताल हुई तो गोपालकृष्णन का दावा गलत मिला।

जांच में पाया गया कि IAS अधिकारी द्वारा जांच के लिए फोन जमा करने से पहले कई बार फैक्टरी रीसेट किया। फैक्टरी रीसेट करने से मोबाइल का डेटा डिलीट हो जाता है।

### चीफ सेक्रेटरी की रिपोर्ट पर CM ने संस्पेंड किया

चीफ सेक्रेटरी द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर CM पिनराई विजयन ने सस्पेंशन ऑर्डर साइन किए। जांच रिपोर्ट में के. गोपालकृष्णन को धर्म आधारित व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर अधिकारियों को बांटने का दोषी पाया गया।

इसके अलावा कृषि विभाग के स्पेशल सेक्रेटरी एन. प्रशांत को भी CM ने सस्पेंड किया है। प्रशांत के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपने सीनियर IAS अधिकारी की आलोचना करने के चलते कार्रवाई की गई है।

एन. प्रशांत ने वित्त विभाग में एडिशनल चीफ सेक्रेटरी ए. जयतिलक के खिलाफ फेसबुक पर पोस्ट किया था। उन्होंने जयतिलक पर उनके खिलाफ मीडिया में बेबुनियाद खबरें फैलाने का आरोप लगाया था।

# पंजाब में उपराष्ट्रपति के फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**लुधियाना.** पंजाब में धुंध के कारण कम विजिबिलिटी होने पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की फ्लाइट लुधियाना में लैंड नहीं हो पाई। उनकी फ्लाइट करीब एक घंटे तक आसमान में उड़ती रही। इसके बाद अमृतसर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई।

मंगलवार को उपराष्ट्रपति को लुधियाना में स्थित पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी (PAU) में पहुंचना था। जहां इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। इसमें पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मुख्यमंत्री भगवंत मान भी पहुंचे थे, लेकिन उपराष्ट्रपति का विमान लुधियाना में लैंड नहीं हो पाया। ऐसे में उनके विमान को अमृतसर में लैंड करवाने का फैसला लिया।

एयरपोर्ट पर उतरने से पहले इसकी सूचना अमृतसर DC ऑफिस को दी गई। जिसके बाद DC अमृतसर साक्षी साहनी और पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर सीधे एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। VIP मूवमेंट के कारण रनवे को खाली कराया गया और उनके विमान को अमृतसर में उतारा गया।

**संक्षेप...**

### उद्धव ठाकरे गुट के उपनेता विजय साल्वी ने दिया इस्तीफा

**कल्याण.** शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे पार्टी के उपनेता विजय उर्फ बंड्या साल्वी ने पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे को उपनेता पद से इस्तीफा दे दिया है. वरिष्ठ शिवसैनिक विजय साल्वी ने पत्र में कहा है कि वह इन सब गंदी राजनीति के कारण इस्तीफा दे रहे हैं. विधानसभा आम चुनाव की गहमागहमी के बीच विजय साल्वी के इस्तीफा देने पर कल्याण में ठाकरे गुट के शिवसैनिकों ने नाराजगी जाहिर की है.

# 'मशाल' तो घरों में आग लगाने का काम कर रही -शिंदे

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तारीख 20 नवंबर है। इस बीच सियासत चरम पर है, सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर तीखे हमले कर रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर जमकर निशाना साधा है।

एक चुनावी जनसभा के दौरान शिंदे ने उद्धव पर तंज कसते हुए कहा कि शिवसेना (यूबीटी) का चुनाव चिह्न 'मशाल' तो बस घरों में आग लगाने का काम कर रही है। इसके साथ ही शिंदे ने मुस्लिम वोट बैंक का भी जिक्र किया और साथ ही महाविकास अघाड़ी के ढाई साल के कार्यकाल पर भी निशाना साधा।

**एकनाथ शिंदे ने उद्धव पर कसा तंज**

सीएम शिंदे ने शिवसेना उम्मीदवार रमेश बोरनारे के लिए वैजापुर में एक रैली को संबोधित



किया और उन्होंने शिवसेना (उबाठा) के लिए बढ़ते समर्थन के दावे को खारिज कर दिया और दावा किया कि उसके पक्ष में बढ़ रहा मुस्लिम वोट बैंक जल्द ही बिखर जाएगा। शिंदे ने कहा कि उनके पक्ष में बढ़ रहा मुस्लिम वोट जल्द ही बिखर जाएगा।" शिंदे ने दावा किया कि मराठवाड़ा क्षेत्र के विधायकों को 2019 (जब एमवीए सरकार सत्ता में आई) के बाद 2.5 वर्षों के दौरान अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास के लिए एक भी रुपया नहीं मिला था।

**घरों में आग रही है उद्धव की 'मशाल'**

शिवसेना प्रमुख शिंदे ने इस बात पर जोर दिया कि जाति-आधारित राजनीति के बजाय पार्टी का सामुदायिक सेवा पर ध्यान केंद्रित करना औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में पार्टी की जीत का कारण था। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना का चुनाव चिन्ह 'मशाल' है जो आज घरों को आग लगाने और समुदायों के बीच दरार पैदा करने का काम कर रही है। वे (शिवसेना यूबीटी) मशाल को क्रांति का प्रतीक कहते हैं लेकिन उनकी मशाल घरों को जला देती है और समुदायों के बीच दरार पैदा करती है।

बता दें कि महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए एक ही चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को वोटों की गिनती होगी।

# 'विकास को गति देने वाली सरकार को दुबारा लाने के लिए कार्यकर्ता उत्साहित'

**महायुति शिंदे गट प्रत्याशी संतोष शेट्टी की सभा में बोले सांसद डा.श्रीकांत शिंदे**

**भिवंडी.** भिवंडी में महायुति शिंदे गट भिवंडी पूर्व सीट से प्रत्याशी संतोष शेट्टी की प्रचार सभा के संबोधन में सांसद डा.श्रीकांत शिंदे ने कहा कि, विकास को गति देने वाली सरकार को जिताने के लिए कार्यकर्ता उत्साहित होकर चुनाव प्रचार करने में जुटे हैं. भिवंडी पूर्व सीट का चुनाव मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कुशल नेतृत्व में लड़ा जा रहा है. महायुति कार्यकर्ताओं के जोश एवं चुनावी प्रचार को देखते हुए संतोष शेट्टी की प्रचंड जीत निश्चित है. प्रचार सभा में सांसद नरेश मस्के, शिवसेना नेता प्रकाश पाटील,पूर्व विधायक रुपेश म्हात्रे, शहर प्रमुख सुभाष माने, आरपीआय एकतावादी



प्रदेशाध्यक्ष विकास निकम, भाजपा शहराध्यक्ष एड हर्षल पाटील, आरपीआय शहराध्यक्ष महेंद्र गायकवाड, राष्ट्रवादी अजित पवार गट शहराध्यक्ष प्रवीण पाटील, वरिष्ठ पार्षद मदन बुवा नाईक,तुषार चौधरी, मनोज काटेकर,बालाराम चौधरी सहित प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे. प्रचार सभा के दौरान शिवसेना उबाठा गट उपशहर प्रमुख रितेश जाधव,मल्लेशाम कोंडी भारी संख्या में समर्थकों के साथ शिवसेना शिंदे गट में प्रवेश किया.

गौरतलब हो कि,भिवंडी में महायुति शिंदे गट उम्मीदवार संतोष शेट्टी की प्रचार सभा के संबोधन में सांसद डा.श्रीकांत शिंदे ने कहा कि, महायुति के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार के कुशल नेतृत्व में सवा 2 वर्ष में अंजाम दिए गए विकास कार्यों से जनता का भरोसा बढ़ा है.एकनाथ शिंदे की सरकार द्वारा जनहित में लिए गए अनेकों फैसले से जनता को भारी लाभ मिला है.लाडली बहना योजना से बहनें खुलकर सरकार को समर्थन देने आगे आ रही हैं. शिंदे सरकार की जनहित नीतियों एवं जनता के आशीर्वाद से महायुति उम्मीदवार संतोष शेट्टी बहुमत से चुनाव जीतकर विधानसभा जरूर पहुंचेंगे.उन्होंने महायुति कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर प्रचार कार्य में शामिल होकर घर घर जाकर मतदाताओं से समर्थन मांगने पर जोर दिया.

# मुंबई में अमित शाह की सुरक्षा में सेंध

## फर्जी मीडियाकर्मी बन शख्स ने गृह मंत्री की बैठक को किया बाधित; फेंके कागज

**मुंबई.** मुंबई के एक होटल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बैठक को बाधित करने के आरोप में 53 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपित की पहचान कानपुर निवासी शक्ति प्रकाश भार्गव के रूप में हुई है। आरोपी ने रविवार को बांद्रा कुर्ला कांप्लेक्स स्थित होटल में उच्च सुरक्षा वाले कार्यक्रम में प्रवेश करने के लिए फर्जी मीडिया पहचान पत्र का इस्तेमाल किया था। हालांकि, भार्गव के खिलाफ यह कोई नया मामला नहीं है। विवादों से उसका पुराना नाता रहा है।

**लाल इमली मिल घोटाले पर हंगामा**

एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, भार्गव ने लाल इमली मिल घोटाले को लेकर शोर मचाकर बैठक में बाधा डाली और गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करने के लिए कागज फेंके। उन्होंने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति को तुरंत संभाल लिया और उसे बैठक से बाहर ले जाकर स्थानीय पुलिस को सौंप दिया।

# ठाणे शहर कांग्रेस अध्यक्ष की सहमति से भरा निर्दलीय नामांकन -मनोज शिंदे



**ठाणे.** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव मनोज शिंदे को कांग्रेस पार्टी से निर्दलीय उम्मीदवार व पार्टी से बगावत करने के कारण निष्कासित कर दिया गया है ।वहीं ठाणे शहर कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण ने मनोज शिंदे के ऊपर 2 से 3 करोड़ रुपये लेकर पार्टी से बगावत कर चुनाव लड़ने का आरोप लगाया था ।जिसका खंडन करते हुए मनोज शिंदे ने कहा कि पार्टी मोबाईल फोन पर ठाणे शहर अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण से बातचीत करने पर उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के नामांकन पत्र भरने के लिए अपनी सहमति जताई थी ।मनोज शिंदे ने कहा कि चव्हाण को पार्टी से हमकों निकालने के लिए कोई अधिकार नहीं है ।साथ ही उन्होंने कहा कि चव्हाण 42 घंटे के भीतर यदि पैसे के लेन देन को साबित नही किया तो मानहानी का दावा करूंगा और जेल भेजने की तैयारी कर दुगा ।जीतना लेनदेन का आरोप लगाया है हमारे परिवार के सम्मान के खिलाफ है उतनी कीमत की हमारे पास में कार है। हमलोग जितना टैक्स भरते हैं वह देखना चाहिए था ।जनता का प्रतिसाद अच्छा मिल रहा है चुनावी नतीजा के परिणाम हमारे पक्ष में निकलेगा ।चुनाव के बाद में पार्टी में अपील कर कांग्रेस में शामिल हुगा।

# शाहरुख खान को धमकी देने वाला फैजान गिरफ्तार

**मुंबई पुलिस ने रायपुर से पकड़ा**

**मुंबई.** बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुंबई पुलिस ने फैजान खान को रायपुर से गिरफ्तार किया है. फैजान पर शाहरुख खान से 50 लाख रुपये की फिरौती मांगने और फिरौती न देने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप है. पुलिस ने फैजान को रायपुर के पंडरी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है. पुलिस फैजान को आज कोर्ट में पेश कर सकती है.

मौजूदा समय में बॉलीवुड मनोरंजन की खबरों के अलावा फिल्मी सितारों को मिल रहीं धमकियों को लेकर चर्चा में बना हुआ है। इस कड़ी में नया नाम शाह रुख खान (Shah Rukh Khan) का जुड़ा था, जिनको छत्तीसगढ़ के एक शख्स की तरफ से धमकी देने का मामला 7 नवंबर को सामने आया था। अब इस आरोपी को मुंबई पुलिस ने छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है



और उससे लगातार पूछताछ चल रही है। अब इस केस पर मुंबई पुलिस की तरफ से बयान सामने आया है और पूछताछ में शाह रुख को धमकी देने वाले आरोपी ने क्या-क्या बताया है उसकी भी जानकारी दी गई है।

**क्या है पूरा मामला**

5 नवंबर को मुंबई के बांद्रा पुलिस स्टेशन पर एक फोन कॉल आता है, जिसमें बॉलीवुड सुपरस्टार शाह रुख खान को जान से मारने की धमकी दी जाती है। इसके अलावा 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी जाती है। इस फोन कॉल के तुरंत बाद मुंबई पुलिस एक्शन मोड में आ गई और आरोपी का पता करने में जुट गई।

# कल्याण नाका इलाके से एमडी ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**ढाई महीने में 800 करोड़ की ड्रग्स जब्त**

**भिवंडी.** भिवंडी क्राइम ब्रांच पुलिस ने स्थानीय कल्याण नाका इलाके से एक एमडी ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 65 ग्राम एमडी पाउडर और दो लाख पांच हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन जब्त किया गया है. शहर में पिछले 18 दिनों में एमडी पाउडर के साथ गिरफ्तारी का यह दूसरा मामला है. यहां अब तक 800 करोड़ 39 लाख का माल जब्त किया जा चुका है. वहीं, मेफेड्रोन पाउडर के साथ छह आरोपियों की गिरफ्तारी से यह आलोचना होने लगी है कि श्रम प्रधान शहर भिवंडी ड्रग माफिया का केंद्र बन गया है।

भिवंडी क्राइम ब्रांच के सहायक पुलिस निरीक्षक श्रीराज माली ने बताया कि क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जनार्दन सोनवणे को सूचना मिली थी कि एक आरोपी एमडी ड्रग्स बेचने के लिए स्थानीय कल्याण नाका पर आने वाला है. इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाया और बुधवार (6 तारीख) सुबह 7:55 बजे कपाली के सकरादेवी मंदिर के पीछे वाली गली से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, उसके पास से 65 ग्राम एमडी पाउडर और एक मोबाइल फोन मिला. उसके पास से दो लाख पांच हजार का माल बरामद हुआ है. आरोपी की पहचान अर्सलान उर्फ जम्मन अब्दुल सलाम अंसारी (26) के रूप में हुई है और वह स्थानीय नगांव रोड पर सागर प्लाजा होटल के सामने फेकवा बिल्डिंग में रहता है।

भिवंडी शहर पुलिस ने कांस्टेबल शशिकांत यादव की शिकायत पर गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और जब 7 नवंबर को उसे अदालत में पेश किया गया, तो अदालत ने उसे चार दिनों की पुलिस हिरासत की सजा सुनाई। साथ ही इस घटना से 18 दिन पहले 18 अक्टूबर की रात को भिवंडी क्राइम ब्रांच पुलिस के उमर ईसा ने मानकोली फ्लाईओवर के पास से खान (25) नाम के रिक्शा चालक को ड्रग्स (एमडी) की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है.

वह मनकोली फ्लाईओवर पर ड्रग्स पहुंचाने जा रहा था। पुलिस ने बताया कि उसके पास से जब्त 66 ग्राम एमडी पाउडर की कीमत दो लाख 17 हजार 250 रुपये है. 24 अगस्त को शांतिनगर पुलिस ने भादवड़ के पाइपलाइन रोड पर एक कार के साथ नासिक के दो मेफेड्रोन (एमडी) तस्करों को गिरफ्तार किया था. क्षेत्र। पुलिस ने इनके पास से 10 लाख रुपये कीमत की 50 ग्राम मेफेड्रोन ड्रग जब्त की है.

**क्रिकेट मैच के लिए पुलिस सुरक्षा फीस में कटौती को लेकर**

# HC ने सरकार से मांगा जवाब

**मुंबई.** बंबई हाई कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) और मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) को निर्देश दिया कि वे एक याचिका के जवाब में हलफनामा दायर करें, जिसमें राज्य सरकार के उस फैसले को चुनौती दी गई थी जिसके तहत क्रिकेट मैचों के लिए पुलिस सुरक्षा शुल्क में कमी की गई थी.

दरअसल, जस्टिस डीके उपाध्याय और जस्टिस अमित बोर्कर की पीठ उस जनहित याचिका की सुनवाई कर रही थी, जिसे RTI कार्यकर्ता अनिल गालगली ने दायर किया था. याचिका में राज्य सरकार के फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें पुलिस सुरक्षा शुल्क को घटा दिया गया था.

वकील मिलिंद साठे और अतिरिक्त सरकारी वकील ज्योति चौहान ने मंगलवार को विभिन्न प्राधिकरणों द्वारा दायर तीन हलफनामे अदालत में पेश किए. साठे ने इस शुल्क कटौती का बचाव करते हुए कहा कि चूंकि यह कानून-व्यवस्था का मामला था, इसलिए तकनीकी रूप से राज्य को कोई शुल्क नहीं लेना चाहिए था.



हालांकि, पहले जो शुल्क निर्धारित किया गया था, उसे इसलिए घटाया गया क्योंकि क्रिकेट एसोसिएशनों ने अन्य राज्यों में लागू कम दरों का हवाला देते हुए इसका विरोध किया था. वकील के इस तर्क पर कोर्ट ने कहा, 'क्या मुंबई में आयोजित एक मैच के लिए सुरक्षा खर्च वही है जो लखनऊ या कानपुर में आयोजित मैच के लिए होता है? इस तर्क का क्या मतलब है? कुछ तो गड़बड़ है.'

पीठ ने आगे कहा, 'आप सुरक्षा बिना शुल्क के प्रदान कर सकते थे, लेकिन आपने एक सरकारी प्रस्ताव जारी किया और यह तय किया कि उनसे शुल्क लिया जाएगा. वे मैचों की मेज़बानी कर रहे थे और अब, 10 साल बाद, आप शुल्क को फिर से संशोधित कर रहे हैं.₹

**मुंबई पुलिस ने क्या कहा**

मुंबई पुलिस ने इस मामले में एक हलफनामा दाखिल किया, जिसमें डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (DCP) संदीप जाधव ने बताया कि अब तक मुंबई में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मैचों, विश्व कप मैचों, टेस्ट मैचों और टी-20 मैचों के दौरान पुलिस बंदोबस्त के लिए 14,87,02,159 रुपये प्राप्त किए गए हैं. यह भुगतान जून 2023 में शुल्क में की गई कटौती के आधार पर हुआ है, जिसे फिलहाल हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है.

महाराष्ट्र पुलिस ने अब तक मैच आयोजकों, बीसीसीआई से 20,63,05,045 रुपये प्राप्त किए हैं, लेकिन 4,31,26,947 रुपये अभी बाकी हैं. महाराष्ट्र पुलिस के महानिदेशक के कार्यालय में सहायक उपनिदेशक कल्पना लोखंडे द्वारा दायर हलफनामे में कहा गया है कि बीसीसीआई से 13,40,36,101 रुपये और मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मैचों, विश्व कप मैचों, टेस्ट मैचों और टी-20 मैचों के लिए बंदोबस्त शुल्क के तौर पर 13,40,36,101 रुपये अभी तक बाकी हैं.

### अंजूरगांव एवं आलिमघर में अवैध शराब के अड्डे पर छापा

**ठाणे.** विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को प्रभावित करने अवैध शराब की मांग बढ़ गयी है. हालांकि अवैध शराब की आवाजाही रोकने एवं गावठी शराब के अड्डों पर राज्य उत्पाद शुल्क विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई तेज कर दी है. इसी के तहत ठाणे जिले के अंजूरगांव एवं आलीमघर में खाड़ी के बीच चल रहे अवैध शराब के अड्डे को ध्वस्त किया गया है. बताया गया कि अधिकारियों ने 20 लाख 75 हजार रुँपये मूल्य के सामान को जब्त किया है.

राज्य उत्पाद शुल्क विभाग के आयुक्त डॉ.विजय सूर्यवंशी के दिशानिर्देशन में निदेशक प्रसाद सुर्वे, कोंकण विभागीय उपायुक्त प्रदीप पवार ने नेतृत्व में विभाग की अलग -अलग टीमों ने ठाणे जिले के अंजुरगांव और अलीमघर खाड़ी में शराब के अड्डों पर छापे की कार्रवाई की एवं इस मामले में कुल सात मामले दर्ज किये गए. इस कार्रवाई में 200 लीटर क्षमता के 354 ड्रम, 1000 लीटर क्षमता के तीन बॉयलर और अन्य हाथ भट्ठी सामग्री जब्त की गई. जिसे वहीं पर ही नष्ट कर दिया गया.है हब्त की गयी सामान की कीमत 20 लाख 75 हजार बताई गयी है.


## PUBLIC NOTICE

Through this Public Notice, the Common Public is hereby informed that my client is intending to purchase the property known as Shop along with land constructed on land bearing U. no 181, Sheet no. 36, Opp. Gandhi Garage, Near New Rita Batteries, Section 17, Ulhasnagar - 421 003, Dist. Thane, by area admeasuring 150 Sq.fts, but now the same is reduced to 60 Sq.fts. approx. i.e. (3' x 8' + 6' x 6' = 24 + 36 = 60 Sq.fts) in the road widening process, as part of the shop was demolished in the road widening process by Ulhasnagar Municipal Corporation and the same is assessed in Ulhasnagar Municipal Corporation under Bill no. 31 / 0031, Property no. 31CO 005911800 and having electric connection vide Consumer no. 021510876927, which is at present in physical possession and ownership of Mr. Sunil Chanderlal Purswani.

Any person having any right, title or interest, in the aforesaid property may kindly do not hesitate to contact the undersigned along with all the necessary documents within 07 days from the Publication of this Notice.

After 07 days from the Publication of this Notice, no claims / counter - claims will be entertained and the property will be deemed to be free from all types of encumbrances, claims, liens and charges.

Sd/-
**Adv. Ravi K. Talreja.**
101, Prince Apartment, Opp. Chopra Court,
Ulhasnagar – 421 003.,
Mob. Nos. 9323973020 / 8793606020.


# माधुरी के साथ डांस पर विद्या बालन बोलीं

**मेरे लिए उनके स्टेप्स मैच करना बहुत बड़ी बात थी, दिनभर बस रिहर्सल करती थी**



विद्या बालन ने 17 साल बाद भूल भुलैया 3 में अपने फेमस किरदार मंजुलिका को फिर से निभाया है। हाल ही में एक्ट्रेस ने माधुरी दीक्षित के साथ डांस करने को लेकर अपने डर के बारे में बात की। साथ ही यह भी शेयर किया कि फिल्म की सफलता उनके लिए कितनी जरूरी है। विद्या ने कहा कि वह चाहती हैं कि महिला-केंद्रित फिल्में लोगों को ज्यादा से ज्यादा पसंद आएं।

विद्या बालन ने फिल्म भूल भुलैया 3 को लेकर कहा, 'जितना मैंने सोचा था, उससे कई ज्यादा अच्छा महसूस हो रहा है। ईमानदारी से कहूं तो मैंने यह कभी सोचा ही नहीं था कि 17 साल बाद मैं फिर से भूल भुलैया करूंगी और मंजुलिका को जिंदगी में वापस लाऊंगी। मुझे यह भी उम्मीद नहीं थी कि मुझे इसके लिए इतनी मोहब्बत मिलेगी। मैं बहुत खुश हूं, बहुत खुश हूं कि फिल्म इतनी अच्छी तरह से चल रही है। यह अब तक मेरी सबसे बड़ी सफलता है।' विद्या की मानें तो इस फिल्म को करने से उन्हें दो बड़े मौके मिले हैं। पहला तो उन्होंने अपना फेमस किरदार मंजुलिका को फिर से निभाया। दूसरा उन्हें जीवन में एक बार मशहूर डांसर और एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के साथ डांस करने का मौका मिला।

विद्या बालन ने कहा, 'मैं खुद को डांसर नहीं मानती। लेकिन अगर मुझे एक्टर के तौर पर डांस करना पड़े, तो मैं उस पर मेहनत करूंगी। जब डांस माधुरी दीक्षित के साथ करना हो, तो और भी मेहनत करनी पड़ती है, क्योंकि यह जीवन में एक बार मिलने वाला मौका है। जो लोग

# रिश्वतखोरी के आरोप में 2 जिप कर्मचारी गिरफ्तार

**ठाणे.** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने ठाणे जिला परिषद की जल परियोजना के दो कर्मचारियों को एक ठेकेदार से 20000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है. इस बात की जानकारी एसीबी ने मंगलवार को एक न्यूज एजेंसी को दी.

एसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए नियुक्त ठेकेदार की शिकायत के अनुसार आरोपी - एक कार्यकारी अभियंता और एक चपरासी - ने काम के भुगतान के लिए उससे 27000 रुपये की मांग की थी. बाद में आरोपी रिश्वत की रकम घटाकर 20000 रुपये करने पर राजी हो गया. ठेकेदार ने रिश्वत देने से मना कर दिया और मामले की सूचना एसीबी को दी.

अधिकारी ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने सोमवार को जल योजना कार्यालय में जाल बिछाया, जहां इंजीनियर की ओर से रिश्वत लेते हुए चपरासी को पकड़ा गया.

एसीबी ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है. आपको बता दें कि सरकारी योजनाओं में रिश्वतखोरी का यह कोई पहला मामला नहीं है. इससे पहले भी रिश्वतखोरी के कई मामले आ चुके हैं.






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099